Ans. (b) : जयसिंह द्वितीय ने आगरा में वेधशाला का निर्माण नहीं करवाया। महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने हिन्दू खगोलशास्त्र के आधार पर देश भर में पाँच वेधशालाओं का निर्माण कराया था। ये वेधशालाएँ जयपुर, दिल्ली, उज्जैन, बनारस और मथुरा में बनवाई गई।

243. राजस्थान की किस रियासत और विशेष रूप से कौन-से शासक ने ब्लू पॉटरी को संरक्षण दिया?
(a) जयपुर, सवाई प्रताप सिंह
(b) जयपुर, सवाई रामसिंह।।
(c) मेवाड़, महाराणा फतेह सिंह
(d) मेवाड़, महाराणा सज्जन सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : जयपुर रियासत के शासक रामसिंह द्वितीय ने ब्लू पॉटरी को संरक्षण दिया। जयपुर की ब्लू पॉटरी को पुनर्जीवित करने में कृपाल सिंह शेखावत का योगदान है। इसके लिए वर्ष 1974 में पद्मश्री सम्मान एवं वर्ष 1980 में कलाविद की उपाधि दी गई। वर्ष 2002 में उन्हें भारत सरकार ने शिल्प गुरू की उपाधि से सम्मानित किया।

244. अलवर के किस शासक के समय नीमूचाणा कांड हुआ?
(a) महाराजा फतेह सिंह (b) महाराजा बन्ने सिंह
(c) महाराजा विजय सिंह (d) महाराजा जय सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : अलवर के शासक महाराजा जय सिंह के समय नीमूचाणा कांड हुआ। अलवर के किसानों द्वारा लगान के विरोध में मई 1925 में नीमूचाणा नामक स्थान पर की गई सभा में राज्य सेना ने अंधाधुंध गोलियाँ चलाई जिसमें सैकड़ों स्त्री-पुरुष मारे गये। महात्मा गाँधी ने इस घटना को 'जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड से' भी अधिक वीभत्स (हृदय विदारक) बताया तथा इसे 'दोहरी डायरशाही' कहा।

245. राजपूतों के किस वंश ने जयपुर रियासत पर शासन किया था?
(a) सिसौदिया (b) कछवाहा
(c) राठौर (d) हाडा

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — दुल्हे राय ने 1137 ई. में बड़गूजरों एवं मीणाओं को परास्त कर दूढाड़ क्षेत्र (आमेर-जयपुर) में कछथहा राज्य की स्थापना की थी। कछवाहा शासक सवाई जयसिंह ने 1727 ई. में जयपुर नगर की स्थापना की थी। जिसका वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य थे।

246. कछवाहा राजवंश के संस्थापक थे-
(a) दूल्हे राय (b) भारमल
(c) जयसिंह (d) कोकिलदेव

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

247. निम्न में से कौन से कछवाहा शासक ने मीणाओं को हराकर आमेर को अपनी राजधानी बनाया?
(a) दूल्हेराय (b) जयसिंह
(c) कोकिलदेव (d) मानसिंह

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (c) – कछवाहा शासक कोकिल देव ने मीणाओं को हराकर 1207 ई. में आमेर को अपनी राजधानी बनाई। 1137 ई. में दुल्हेराय ने कछवाहा वंश की स्थापना की थी। आमेर लेख में इस वंश को 'रघुवंश तिलक' कहा गया है।

248. निम्न में से आमेर के किस शासक ने सर्वप्रथम मुगलों के साथ संधि की थी-
(a) ईश्वरी सिंह (b) भगवान दास
(c) मानसिंह (d) भारमल

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (d) – भारमल मुगल अधीनता स्वीकार करने वाला पहला राजपूत था। अकबर की अजमेर मात्रा के दौरान 1562 ई. में साँभर में इसने अपने पुत्र भगवानदास एवं पौत्र मानसिंह सहित अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली। इसने अपनी पुत्री हरखाबाई (मानमति) का विवाह अकबर के साथ कर दिया।

249. आमेर के राजा भारमल ने अकबर की अधीनता कब स्वीकार की थी-
(a) 1560 ई. (b) 1562 ई.
(c) 1564 ई. (d) 1566 ई.

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

250. किस राजपूत शासक को अकबर ने ''अमीर-उल-उमरा'' की उपाधि दी थी?
(a) रामसिंह (b) भगवन्तदास
(c) जसवन्तसिंह (d) मानसिंह

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : आमेर के कछवाहा शासक राजा भगवान दास तथा उनके पुत्र मानसिंह से अकबर के घनिष्ठ सम्बन्ध थे। कछवाहों ने अकबर की अधीनता स्वीकार की थी तथा अकबर ने राजा भगवान दास को 'अमीर-उल-उमरा' की उपाधि एवं 5000 का मनसब प्रदान किया था, और 1605 में भगवानदास के दत्तक पुत्र मानसिंह को अकबर ने सात हजार की मनसब और 6000 सवार और 'फर्जन्द' की उपाधि दी थी।

251. अकबर ने सर्वोच्च मनसब (सात हजारी) किस राजपूत शासक को दिया था?
(a) राजा भारमल (b) मोटाराजा उदयसिंह
(c) राजा मानसिंह (d) राजा भगवन्त दास

Live Stock Asst. 21.08.2016
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

252. आमेर के किस शासक को अकबर ने 'फर्जन्द' की उपाधि दी थी?
(a) भारमल (b) भगवानदास
(c) मानसिंह (d) मिर्जा राजा जयसिंह

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

253. किस सन् में अकबर ने मानसिंह को 7000 जात व 6000 सवार का मनसब प्रदान किया?
(a) 1599 (b) 1601
(c) 1603 (d) 1605

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।